तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 28 अगस्त 2025

खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार


4

स्टेट लेवल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में ऋषभ ने जीता ब्रॉन्ज मेडल



## खबर संक्षेप



### राज्यपाल का सर्किट हाउस में स्वागत

**रायगढ़।** राज्यपाल रमेन डेका बुधवार को अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह में शामिल होने के लिए रायगढ़ पहुंचे। उनके आगमन पर सर्किट हाउस परिसर में गरिमामय स्वागत किया गया। नगर निगम रायगढ़ के महापौर जीवर्धन चौहान सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिकगण, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने पुष्पगुच्छ भेंटकर राज्यपाल का आत्मीय अभिनंदन किया।

### केन्द्रीय संस्कृति मंत्री शेखावत का आगमन



**रायगढ़।** भारत सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय के केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत आज अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त चक्रधर समारोह में शामिल होने रायगढ़ पहुंचे। उनके आगमन पर ओपी जिंदल एयरपोर्ट, रायगढ़ में गरिमामय एवं आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग मंत्री राजेश अग्रवाल, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### जिले में 1018.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 27 अगस्त तक 1018.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 3.6 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1185.4 मिली मीटर, पुसौर में 1071, खरसिया में 890, घरघोड़ा में 1028.5, तमनार में 753.6, लैलूंगा में 905.2, मुकडेगा में 1228.5, धरमजयगढ़ में 870.5, छाल में 932.6 एवं कापू में 1319.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** अनुविभाग खरसिया अंतर्गत दो लोगों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु पश्चात राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के वारिसानों को एसडीएम खरसिया द्वारा 25.25 हजार रुपए की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है। इनमें तहसील खरसिया ग्राम.बोतल्दा के मृतक चंद्रभान पटैल एवं सिद्धेश्वर दास वैष्णव के वारिसानों को राशि स्वीकृत किया गया।

### नाबालिग से छेड़खानी करने वाला गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतरारोड पुलिस ने नाबालिग से छेड़खानी के मामले में आरोपी युवक सागर कुमार साहू निवासी किरोड़ीमल नगर रायगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। घटना की शुरुआत तब हुई जब पीड़िता ने अपने परिजनों के साथ थाने में लिखित आवेदन देकर बताया कि पिछले दो सालों से आरोपी रास्ते में आते-जाते समय फब्तियां कसकर उसे परेशान करता था। परिजनों द्वारा समझाने के बाद भी उसकी हरकतें बंद नहीं हुईं। 26 अगस्त को आरोपी ने पीड़िता के कोचिंग जाते समय रास्ते में गंदी नियत से छेड़छाड़ की। इस पर थाना कोतरारोड में अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया। पुलिस की दबिश के दौरान आरोपी को किरोड़ीमल क्षेत्र में घूमते हुए पकड़ा गया। पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# राज्यपाल ने चक्रधर सिंह को किया नमन, 40वें समारोह का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान चक्रधर समारोह का 40वां संस्करण बुधवार की शाम परंपरा और आस्था के साथ आरंभ हुआ। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की पूजा.अर्चना कर समारोह का शुभारंभ किया और प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं सुख.समृद्धि की प्रार्थना की। इस अवसर पर राज्यपाल ने संगीत सम्राट राजा चक्रधर सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा राजा चक्रधर सिंह केवल रायगढ़ की नहींए बल्कि पूरे भारत की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर हैं। उन्होंने शास्त्रीय संगीत और नृत्य की जो विरासत दी। वह आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देती रहेगी। चक्रधर समारोह के 40 वर्ष पूरे होना अपने आप में इस शहर और प्रदेश की सांस्कृतिक शक्ति का प्रमाण है। समारोह के पहले दिन देश के विख्यात कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पहले दिन की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। जिसे स्वर्गीय वेदमणि सिंह ठाकुर के शिष्यों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात दिल्ली के पंडित राजेंद्र गंगानी द्वारा कथक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सुप्रसिद्ध कवि डॉ कुमार विश्वास रहे। जिन्होंने अपनी ओजस्वी वाणी और काव्यपाठ से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह स्थल रामलीला मैदान में भारी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति रही। लोग राज्यपाल के संबोधन और कलाकारों की प्रस्तुतियों के दौरान तालियों की गड़गड़ाहट से आयोजन स्थल को गूंजाते रहे। बता दें यह आयोजन 5 सितंबर तक चलेगा जिसमें देश.विदेश के प्रख्यात कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से रायगढ़ को संगीत और नृत्य की नई ऊंचाई देंगे।

## भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख.समृद्धि की प्रार्थना





### झोलाछाप के पास इंजेक्शन से लेकर स्लाइन चढ़ाने तक की सुविधा उपलब्ध, स्वास्थ्य विभाग अंजान

# छपोरा में फर्जी डॉक्टर एक कमरे में चलाता है हॉस्पिटल, कहता है मेरे पास है हर मर्ज की दवा !

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीते दिनों शहर के सोनियानगर में झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से एक युवक की मौत के बाद भी स्वास्थ्य विभाग गहरी नींद में गाफिल है। छपोरा में एनटीपीसी के सामने एक फर्जी डॉक्टर डंके की चोट पर खुलेआम 8x8 के कमरे में हॉस्पिटल चला रहा है। बिना डिग्री का डॉक्टर लोगों से कहता फिरता है कि मेरे पास हर मर्ज की दवा है..! इतना ही नहीं इस क्लीनिक में इंजेक्शन से लेकर स्लाइन चढ़ाने तक की सुविधा उपलब्ध है और वह मरीजों को अपने हिसाब से दवाई भी देता है। इस तरह के झोलाछाप डॉक्टर को सलाखों के पीछे भेजने के बजाय स्वास्थ्य विभाग फिर किसी की मौत का इंतजार कर रहा है।

दरअसल कलकत्ता (पश्चिम बंगाल) निवासी हिमानिश बिस्वास बीते 7 सालों से छपोरा में रहता है और एनटीपीसी गेट के सामने 8x8 के दुकान को किराया में लेकर यहां अपना खुद का अस्पताल चलाता है। लोग इसे बंगाली डॉक्टर के नाम से भी बुलाते हैं। इसके पास कार्टून में दवा, सिरिंज, डिस्पोजल, इंजेक्शन, स्लाइन का जखीरा भरा पड़ा है। वहीं यह फर्जी डॉक्टर चोटिल लोगों का ऑपरेशन भी करता है। अपने पास आने वाले मरीजों को अंदाजन इंजेक्शन लगा कर दवा देता है। जब मरीज की तबीयत बिगड़ने लगती है तो तत्काल उसे दूसरे अस्पतालों में रेफर कर देता है, ताकि अपने उपर बात न आए। उसे डॉक्टरी का बिल्कुल भी ज्ञान नहीं है और उसके पास कोई डिग्री भी नहीं है। वह खुद इस बात को स्वीकारता है। इसके बाद भी वह इतने सालों से फर्जी डॉक्टर बन कर लाखों कमा रहा है। उसके पास रोजाना दो दर्जन से अधिक मरीज आते हैं। स्वास्थ्य विभाग के संरक्षण में ही वह अपनी दुकान चलाते हुए लोगों की जान को जोखिम में डाल रहा है। ऐसे फर्जी डॉक्टर पर कार्रवाई नहीं होना स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाता है।



### स्लाइन चढ़े मरीज के साथ खुद भी भागा

फर्जी बंगाली डॉक्टर को जब पता चला कि उससे सवाल पूछने वाला युवक हरिभूमि का रिपोर्टर है तो वह चौंक गया। उस वक्त उसके क्लीनिक में एक वृद्ध तखत पर लेटा था और उसे स्लाइन चढ़ा हुआ था। आनन-फानन में झोलाछाप डॉक्टर ने सोए हुए मरीज को उठाया और उसके स्लाइन को निकाल कर उसे भगा दिया। वहीं खुद ही क्लीनिक का शटर बंद कर दौड़ते हुए भागा। जिससे पता चलता है कि वह भोले-भाले लोगों को किस तरह बेवकुफ बना कर उनका शोषण कर रहा है।

### दूर दराज से आते हैं मरीज

आम मरीज बन कर जब हरिभूमि के रिपोर्टर द्वारा पूछने पर फर्जी डॉक्टर बताता है कि उसके पास भाठनपाली, बड़माल, नेतनागर, छपोरा सहित ओडिशा व दूर दराज से लोग इलाज कराने आते हैं। अब तक उसके इलाज से ऐसा कोई मरीज नहीं जो ठीक नहीं हुआ है। वह कहता है कि उसके पास हर मर्ज की दवा है। वह मरीज को छूकर उसकी बीमारी को भांप लेता है और उसे इंजेक्शन व दवाई देता है। उससे पूछा गया कि कभी कोई गलत दवाई या इंजेक्शन लगाने से मरीज की हालत बिगड़ी है? ऐसे में वह कहता है कि आज तक तो ऐसा नहीं हुआ है, लेकिन जो मरीज स्वस्थ्य नहीं होते उसे वह दूसरे हॉस्पिटल में भेज देता है।

### फर्जी डॉक्टर ने दिया अपना परिचय

जब फर्जी डॉक्टर को पता नहीं था कि वह हरिभूमि के रिपोर्टर से बात कर रहा है तब उसने अपना परिचय कुछ अंजाद में दिया कि मैं हिमानिश विश्वास हूं। मूलतः पश्चिम बंगाल का रहने वाला हूं, वर्तमान में कुछ सालों से छपोरा में अकेले रहता हूं। मैनें क्लीनिक चलाने के लिए स्वास्थ्य विभाग से कोई अनुमति नहीं ली है और न ही मेरे पास कोई डिग्री है। जिसे झोलाछाप बोलते हैं मैं वही हूं। मैं सर्दी-बुखार का इलाज करता हूं, जो स्वस्थ्य नहीं हो पाता उसे अस्पताल जाने की सलाह देता हूं। मैं ढाई-तीन साल से क्लीनिक चला रहा हूं।

मुझे आपके माध्यम से छपोरा में झोलाछाप डॉक्टर द्वारा क्लीनिक खोल कर मरीजों का इलाज कराने की जानकारी मिल रही है। मैं टीम को भेज कर मामले को दिखवाता हूं और कार्रवाई कराता हूं।

**डॉ अनिल जगत**
सीएमएचओ

### रोशनी देख हाथी खेत में घुसा, ग्रामीणों ने टॉच जलाने वाले युवक को पीटा

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव में घुसे हाथी को टार्च दिखाना एक युवक को उस समय महंगा पड़ गया जब टार्च की रोशनी से भटक कर एक दंतैल हाथी खेत में जा घुसा। जिससे नाराज ग्रामीणों ने उक्त युवक की जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान बीच-बचाव करने आये लोगों को भी उन्होंने नही बख्शा। जानकारी के अनुसार मदन चौहान निवासी अमलीडीह ने घरघोड़ा थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि उनके गांव में हाथी आया था जिसे गांव के लोग भगा रहे थे। मदन ने बताया कि हाथी उसके घर की तरफ आ रहा था, इस दौरान टार्च मारने पर हाथी दूसरी दिशा में चला गया। जिसके बाद गांव का ही रहने वाला नंदकुमार राठिया अपने अन्य साथियों के साथ आया और बोला तुम टार्च क्यों दिखाये, हाथी हमारे खेत की तरफ चला गया कहकर गाली गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों के अलावा डंडे से उससे मारपीट शुरू कर दिया, जिससे उसे काफी चोट आई है। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने जब बीच बचाव का प्रयास किया गया तो नंदकुमार राठिया के साथियों ने उनकी भी पिटाई कर दी। फिलहाल घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। 9

## रायगढ़ पुलिस की विशेष टीम ने दिल्ली में फरार वारंटी को पकड़ा



**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी लक्ष्मेश्वर ठाकुर को नई दिल्ली के मयूर विहार इलाके से गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया है। शातिर वारंटी लक्ष्मेश्वर ठाकुर पुलिस को कई बार चकमा दे चुका था और पुलिस के आने की भनक पर लुक छिप जाता था। जानकारी के अनुसार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रायगढ़ प्रवीण मिश्रा की अदालत में आरोपी के खिलाफ 10 परिवाद दायर हैं। इन प्रकरणों में आरोपी के विरुद्ध 1 जमानतीय व 9 गैर-जमानतीय वारंट जारी किए गए थे। माननीय न्यायालय द्वारा 7 अगस्त को वारंट तामिली के लिए पुलिस अधीक्षक रायगढ़ को निर्देशित किया गया था। इसके तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली सुखनंदन पटेल को तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए गए। अनुमति प्राप्त होने के बाद 22 अगस्त को उप निरीक्षक दिलीप कुमार बेहरा के नेतृत्व में पुलिस टीम नई दिल्ली रवाना हुई। पुलिस टीम ने तकनीकी मदद से आरोपी का लोकेशन ट्रेस कर 25 अगस्त को देर रात मयूर विहार थाना पुलिस के सहयोग से छापा मारकर वारंटी को गिरफ्तार किया। इसके बाद 27 अगस्त को आरोपी को न्यायालय रायगढ़ में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट पर वारंटी को जेल दाखिल किया गया है। ज्ञात हो कि लक्ष्मेश्वर ठाकुर निवासी दिल्ली ने इन्वेस्टमेंट कंपनी में रकम जमा करने पर 30 प्रतिशत त्रैमासिक लाभ का झांसा देकर रायगढ़ के व्यवसायी से ठगी की थी।

### रेलवे स्टेशन में पार्सल ऑफिस के पास ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

# 'मेरे बेटे को पुलिस दौड़ाई, डरकर वह पटरी की ओर भागा, ट्रेन से कट गया'

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मेरा बेटा स्टेशन के बाहर बैठा था। अचानक पुलिस आई और उसे दौड़ाने लगी। पुलिस की डर से वह पटरी की ओर भागा। तभी एक ट्रेन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मेरे बेटे की मौत हो गई। पहले से ही पुलिस मेरे बेटे के पीछे पड़ी थी। पता नहीं उसने क्या जुर्म किया था जो पुलिस आए दिन उसे ढूंढने घर आ रही थी। यह बात जगदीश गोरख ने कहा, जिसके बेटे की मंगलवार की रात रेलवे स्टेशन में पार्सल ऑफिस के पास ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई।

सोनियानगर निवासी श्याम गोरख (32) पहले ऑटो चलाने का काम करता था। वर्तमान में वह जिंदल कंपनी में ठेकेदार के अंडर लेबर का काम करता था। मंगलवार की रात करीब 10 बजे वह रेलवे स्टेशन के बाहर अपने साथियों के साथ बैठा था। तभी अचानक कुछ ऐसा हुआ कि वह पटरी की ओर भागने लगा। जैसे ही वह पार्सल ऑफिस के सामने प्लेटफार्म नंबर 2, लाइन नंबर तीन में पहुंचा था कि एक मालगाड़ी की चपेट में आ गया। जिससे उसका एक हाथ और पैर कट गया। ऐसे में कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मृतक के परिजन रेलवे स्टेशन पहुंचे और जमकर हंगामा मचाने लगे। मृतक के पिता और भाई ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि पुलिस के दौड़ाने के कारण ही श्याम पटरी की तरफ भागा। पुलिस पहले से ही श्याम के पीछे पड़ी थी, आए दिन उसे परेशान किया जा रहा था। मामले की जानकारी पाकर कोतवाली थाना प्रभारी व एएसपी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे थे। उनके द्वारा पीड़ित परिजनों को मामले की जांच का आश्वासन दिया गया है। फिलहाल जीआरपी ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।



### साइरन सुनकर भागे

इस मामले में पुलिस का कहना है कि श्याम गोरख अपराधिक प्रवृत्ति का है। उसके खिलाफ कोतवाली में कई प्रकरण दर्ज हैं। बुधवार को चक्रधर समारोह का शुभारंभ करने राज्यपाल व केन्द्रीय मंत्री यहां आने वाले थे। ऐसे में ऐहतियातन पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी रूटिंग के अनुसार रेलवे स्टेशन के तरफ से गुजर रही थी। वहां पहले से ही श्याम गोरख व तीन-चार अन्य युवक बैठ कर गांजा पी रहे थे, जो पुलिस की साइरन को सुनकर भागने लगे। बाकी युवक मौदहापारा मीना बाजार की ओर भागे, लेकिन श्याम पटरी की ओर दौड़ पड़ा, जिससे वह हादसे का शिकार हो गया।

### सीसीटीवी कैमरे से हो सकता है खुलासा

पार्सल ऑफिस के पास, स्टेशन के भीतर जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। अगर सीसीटीवी फुटेज की सही तरीके से जांच की जाए तो सच सामने आ जाएगा कि आखिर श्याम को सचमुच पुलिस दौड़ा रही थी या वो खुद ही साइरन सुन कर भाग रहा था या फिर कारण कुछ और है। फिलहाल यह जांच के बाद ही पता चल पाएगा।

### घरघोड़ा रेंज का मामला, क्षेत्र में 26 हाथियों का दल कर रहा विचरण

# वीडियो बना रहे युवाओं को हाथियों ने दौड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के घरघोड़ा रेंज के नवापारा-टेंडा जंगल में 26 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इसी बीच हाथियों के झुंड ने घरघोड़ा रेंज में वीडियो बना रहे बाइक सवार युवकों को मारने के लिए दौड़ा दिया। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम बाइक पर सवार दो युवक जंगल के रास्ते से गुतर रहे थे। तभी उन्होंने नवापारा से भेंगारी मार्ग की तरफ बढ़ रहे हाथियों के दल को देखा और वीडियो बनाने लगे। इस दौरान हाथियों का दल जंगल में आगे बढ़ रहा था। युवक उनका वीडियो बना रहे थे तभी दल से निकलकर एक बड़े हाथी ने बाइक सवारों को जमकर दौड़ाने लगा। हाथी ने काफी दूर तक उन्हें दौड़ाया, फिर वह जंगल में चला गया। दौड़ाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



### गांव-गांव में कराई गई है मुनादी

वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग एक्टिव हो गया है। छर्राटांगर जंगल, नवापारा-टेंडा और कटंगडीह इलाके में हाथियों का विचरण हो रहा है। आसपास के सभी गांवों में मुनादी कराई गई है ताकि कोई ग्रामीण अकेले जंगल की ओर न जाए। साथ ही लोगों को हाथी से बचाव के उपाय भी बताए जा रहे हैं। नवापारा-टेंडा क्षेत्र में हाथियों के होने की जानकारी मिलने के बाद से लगातार उन पर निगरानी की जा रही है। लोगों को जंगल के रास्ते पर सावधानीपूर्वक आने-जाने को कहा जा रहा है। हाथियों से दूरी बनाने की सलाह दी जा रही है।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI RAIGARH

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• FITTER 2 Year (10th Pass)

उड़ीसा रोड , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)

89595-93923 • 89595-44444

खबर संक्षेप

## 204 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या रवाना



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में श्रद्धालुओं प्रभु रामलला अयोध्या धाम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिले के स्थानीय निवासियों को श्रीरामलला दर्शन अयोध्या धाम यात्रा योजना अंतर्गत 27 से 30 अगस्त 2025 के यात्रा हेतु जिले से कुल-204 श्रद्धालुओं को रवाना किया गया। जिले के सभी विकास खंड के जनपद पंचायत कार्यालय और नगरीय निकाय से जनप्रतिनिधियों ने अयोध्या धाम के लिए श्रद्धालुओं की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रवाना किए गए 204 श्रद्धालुओं में जशपुर विधानसभा से 64, कुनकुरी विधानसभा से 73 एवं पत्थलगांव विधानसभा से 67 श्रद्धालु शामिल हैं।

## कामारीमा में विद्युत आपूर्ति बहाल



**जशपुरनगर।** विकासखंड बगीचा के ग्राम कामारीमा में खराब ट्रांसफार्मर के कारण ठप पड़ी बिजली आपूर्ति पुनः बहाल हो गई है। बिजली संकट झेल रहे ग्रामीणों को इससे बड़ी राहत मिली है। विकासखंड बगीचा के ग्राम कामारीमा में अधिकांश आबादी पहाड़ी कोरवा समुदाय की है। यहां के ग्रामीणों ने कैंप कार्यालय को अवगत कराया कि ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बिजली की आपूर्ति बाधित है। इससे उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में विषैले जीवों का खतरा भी बना रहता है। कैंप कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की, जिसके तहत विद्युत विभाग द्वारा ग्राम कामारीमा के वार्ड क्रमांक 11 (नागेशिया पारा) में ट्रांसफार्मर बदल दिया गया। इससे बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल हो गई है।

## जिले में अब तक 8609.2 मिमी वर्षा



**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 8609.2 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 27 अगस्त तक की स्थिति में 8068.5 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 0.5 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 993.1 मिमी, मनोरा में 1060.7 मिमी, कुनकुरी में 1227.6 मिमी, दुलदुला में 542.9 मिमी, फरसाबहार में 692.8 मिमी, बगीचा में 931.9 मिमी, कांसाबेल में 804.5 मिमी, पत्थलगांव में 747.9 मिमी, सन्ना में 1000.7 मिमी एवं बागबहार में 607.1 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

## जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। जशपुर तहसील अंतर्गत ग्राम नगेरापत्थर निवासी संतोष राम का लू लगने से 15 जून 2025 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी किरणमती बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## सर्पदंश से गंभीर महिला की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** सनावल थाना अंतर्गत ग्राम डुमरपान निवासी सीतादेवी पति मोहन (35 वर्ष) 24 अगस्त की मक्का बाड़ी में घास काट रही थी। इसी दौरान जहरीले सांप ने पैर में काट लिया।

# अलग-अलग जगहों पर लाखों की ठगी, आरोपी झारखंड से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

ठगी की कई घटनाओं में शामिल फरार चल रहा आरोपी को जिला पुलिस ने गुमला,झारखंड से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार संतकुमार यादव निवासी सन्ना ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी,कि वह सन्ना में किराने की दुकान चलाता है। 14 जून 25 को पंडरा पाठ निवासी आरोपी मिथलेश साहू, जो कि उसका पूर्व परिचित था, के द्वारा प्रार्थी को फोन कर बताया गया कि, उसकी गाड़ी रांची गई हुई है, चावल बोरी मंगवाना है क्या?। प्रार्थी ने विश्वास कर 86 बोरी चावल मंगवाने हेतु राजी हो गया। आरोपी मिथलेश साहू द्वारा, गुमला निवासी दूसरे आरोपी अंशु उर्फ रोहित अग्रवाल को चावल व्यापारी बताकर प्रार्थी से फोन से बात करवाया गया।

### रिपोर्ट पर पुलिस हुई सक्रिय

रिपोर्ट पर थाना सन्ना में आरोपी मिथलेश साहू व अंशु उर्फ रोहित अग्रवाल विरुद्ध ठगी व धोखा धड़ी के लिए बी एन एस की धारा 318 (4),3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया था। दूसरे प्रकरण में आरोपियों के द्वारा थाना पत्थलगांव क्षेत्र में भी एक व्यापारी से मक्का का अच्छा दाम दिलाने के नाम से भी 38 लाख रु का 160 टन माल ले लिया गया था व माल की रकम व्यापारी को न देकर ठगी की गई थी। जिसके सम्बन्ध में भी थाना पत्थलगांव में भी ठगी के लिए बी एन एस की धारा 318(4) व 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध पंजीबद्ध है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

### आरोपी ने स्वीकार किया अपराध

पुलिस की पूछताछ पर आरोपी अंशु उर्फ रोहित अग्रवाल उम्र 25 वर्ष द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

**इनकी रही भूमिका:** फरार आरोपी की पता साजी कर गिरफ्तारी में थाना प्रभारी सन्ना उप निरीक्षक संतोष सिंह, सहायक उप निरीक्षक सिरद साय पैंकरा, प्रधान आरक्षक विजय खूंटे व आरक्षक मनोज जांगड़े की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### फरार आरोपियों को चिन्हित कर रही पुलिस

मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि थाना पत्थलगांव व थाना सन्ना में व्यापारियों से ठगी के मामले में एक आरोपी को झारखंड से लाकर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। ऑपरेशन अंकुश के तहत पुलिस फरार आरोपियों को चिन्हित कर लगातार पतासाजी कर रही है, ऑपरेशन अंकुश जारी रहेगा।

### मिथलेश की पूर्व में हो चुकी गिरफ्तारी

पुलिस के द्वारा दोनों मामलों में कार्यवाही करते हुए एक आरोपी मिथलेश साहू को गिरफ्तार करते हुए, जेल भेजा जा चुका है,। आरोपी अंशु अग्रवाल घटना तिथि से फरार था, जिसे पुलिस द्वारा चिह्नित कर लिया गया था, व उसकी लगातार पातासाजी की जा रही थी। चूंकि मामला दो जगहों से ठगी से संबंधित था, अतः वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए, आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई थी, जिनके द्वारा मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए व पुलिस की टेक्निकल टीम के मदद से आरोपियों को तलाशने का प्रयास किया जा रहा था। इस दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी अंशु अग्रवाल, गुमला (झारखंड ) में छिपा है, जिस पर पुलिस के द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए गुमला के, घाटो बगीचा, नियर पालको रोड गली से घेराबंदी कर आरोपी अंशु उर्फ रोहित अग्रवाल को को हिरासत में लेकर वापस लाया गया। पुलिस के द्वारा आरोपी के कब्जे से उसके मोबाइल फोन को भी जब्त कर लिया गया है।

### सड़क किनारे अवैध बैनर पोस्टर को लेकर एसएसपी सख्त

# अवैध होर्डिंग्स पर नपा की टीम के साथ यातायात पुलिस कर रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

सुगम यातायात व्यवस्था व नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने यातयात पुलिस को अवैध रूप से सड़कों के किनारे लगे अनावश्यक बैनर- पोस्टर व होर्डिंग को निकालने हेतु आदेशित किया गया है।

इसके मद्देनजर यातायात पुलिस के द्वारा नगर पालिका की सहायता से अनावश्यक व अनधिकृत रूप से बिना सुरक्षा मानकों के लगाए गए होर्डिंग,पोस्टर, व बैनरों को निकाला जा रहा है। साथ ही भविष्य में ऐसा करते पाए जाने वालों पर,संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर यातायात पुलिस ऐसे अवैध होर्डिंग बैनर को निकाल रही है।



अवैध होर्डिंग्स पर कार्रवाई करती पुलिस व नगर पालिका की टीम।

### अवैध रूप से लगे होर्डिंग्स बनते है दुर्घटना के सबब

त्योहारों के सीजन में शहर के मुख्य चौक चौराहों में अवैध रूप से पोस्टर लगा दिया जाता है, जिससे यातायात प्रभावित होता है, वहीं रास्ते में होर्डिंग लगे होने से वाहन दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है। और किसी भी शहर व जिले की पुलिस के लिए दुर्घटना मुक्त शहर बनाना पहली प्राथमिकता होता है।

### यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए जरूरी

मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि यातायात व्यवस्था सुगम करने व दुर्घटनाओं से बचाव हेतु, रोड किनारे लगाए गए अनाधिकृत होर्डिंग को निकाला जा रहा है, भविष्य में ऐसा करते पाए जाने पर विधिवत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



पूजा पाठ के साथ गणेश जी की स्थापना करते श्रद्धालु।

# जगह-जगह विराजे गणपति बप्पा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

शहर में बुधवार का दिन गणेश भक्ति और उल्लास के रंग में रंगा रहा। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर सुबह से ही शहर के विभिन्न गणेश पूजा समितियों में रौनक देखने को मिली। जगह-जगह पंडालों में तैयारियों की अंतिम रूपरेखा दी जा रही थी, वहीं दोपहर होते-होते गलियों और चौक-चौराहों पर गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंजने लगे। श्रद्धालु बाजे-गाजे, ढोल-नगाड़ों के साथ भगवान गणेश की प्रतिमाओं का स्वागत कर उन्हें पंडालों में विराजमान करने निकल पड़े।

### गली-मोहल्ले में बप्पा विराजे

शहर के मिलन चौक, डीपा टोली, संगम चौक, पुरानी टोली, बसंत विहार, नगरपालिका के पास, भागलपुर, नवाटोली सहित सभी मोहल्लों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। घर-घर में श्रद्धालुओं ने गणेश जी की स्थापना कर पूजा-अर्चना प्रारंभ कर दी है।

### शोभायात्रा बनी आकर्षण

मंगलवार की शाम होते ही एकता क्लब की ओर से महाराजा चौक में भगवान गणेश का आगमन शोभायात्रा के साथ संपन्न हुई। शोभायात्रा का शुभारंभ दरबारी टोली स्थित मूर्तिकार के घर से हुआ, जिसमें बीस से पच्चीस गाड़ियों का काफिला शामिल रहा। ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते युवा, सजावटी झांकियां और आकर्षक लाइटों से सुसज्जित वाहन लोगों का ध्यान खींच रहे थे। शोभायात्रा पुरानी टोली, झंडा चौक, बस स्टैंड होते हुए महाराजा चौक पहुंची।

### आतिशबाजी से स्वागत

महाराजा चौक पर स्थित पंडाल में पहले से ही कोतबा के प्रसिद्ध भजन गायक विजय साहू अपनी सुरीली आवाज़ में बप्पा के स्वागत में भजनों की प्रस्तुति दे रहे थे। जैसे ही शोभायात्रा पंडाल में पहुंची, वातावरण भक्तिमय हो उठा।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम:** गणेश स्थापना को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। शोभायात्रा मार्ग पर पुलिस बल की तैनाती की गई, वहीं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष व्यवस्था की।अगले दस दिनों तक जशपुरनगर गणेश भक्ति में सराबोर रहेगा। हर दिन विभिन्न आयोजनों और धार्मिक कार्यक्रमों से शहर का माहौल भक्तिमय बना रहेगा।

## म्यूल अकाउंट खुलवाकर दिया साइबर ठगों को गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** साइबर ठगों को अपने नाम से सिम और बैंक खाता उपलब्ध कराने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने कमीशन लेकर साइबर ठगों को खाता उपलब्ध कराया था जिसमें 2 लाख रुपए से अधिक के लेनदेन के सबूत मिले है। बता दें कि म्यूल अकाउंट को लेकर सरगुजा जिले में बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कार्रवाई के तहत पुलिस ने पूर्व में भोले भाले लोगों को झांसे में लेकर बैंक खाता खुलवाने और धोखे से उनके नाम पर सिम कार्ड निकालने के मामले में कोतवाली पुलिस ने रवि कश्यप, अमलेश्वर कुमार वैष्णव व गौतम सिंह को बीएनएस की धारा 318(4), 3(5), 319 (2), 111(2) आईटी एक्ट 66 (ग) के तहत गिरफ्तार किया था। इसी प्रकरण की जांच के दौरान पुलिस ने दरिमा महादेव पलगड़ी निवासी विनय प्रजापति आ. भैयालाल प्रजापति को हिरासत में लेकर पूछताछ। इस दौरान यह बात सामने आई कि आरोपी ने अपने नाम पर तीन अलग अलग सिम कार्ड निकाला था इसके साथ अपना बैंक खाता खुलवाया। आरोपी ने सिम कार्ड के साथ ही बैंक खाता, पासबुक, एटीएम कार्ड चेकबुक पूर्व में गिरफ्तार अमलेश्वर वैष्णव को दिया था। तीनों खाता के एवज में उसे 2 हजार रुपए के हिसाब से 6 हजार रुपए लेने की बात स्वीकार की।

## सुरक्षा पर संकट: हवाई अड्डे निकट बहुमंज़िला इमारतें

**राउरकेला।** राउरकेला एयरपोर्ट के आसपास सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर बहुमंज़िला इमारतों के निर्माण ने गंभीर चिंता पैदा कर दी है। एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार यादव ने केंद्रीय जन शिकायत पोर्टल के माध्यम से दर्ज शिकायत में कहा कि एयरक्राफ्ट एक्ट 1934 की धारा के तहत निर्धारित दायरे में ऊँची इमारतों पर रोक होने के बावजूद पानपोस और दांडियापाली क्षेत्रों में मॉल, रेजिडेंशियल व कमर्शियल कॉम्प्लेक्स खड़े कर दिए गए हैं। इसमें प्लूटोन मॉल, भगवती रेजीडेंसी और अस्पतालों के पास बने कई बहुमंज़िला भवन शामिल बताए गए हैं।

शिकायतकर्ता ने हाल ही में गुजरात में हुए हवाई हादसे का हवाला देते हुए इन इमारतों की ऊँचाई की जांच और अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की मांग की है। उनका आरोप है कि केंद्र सरकार की सर्वे टीम के आने पर बिल्डरों ने काम रोक दिया था, लेकिन टीम लौटते ही कई मंज़िलें और बढ़ा दी गईं, जो स्थानीय प्रशासन पर उनके दबाव और रसूख को दर्शाता है।

इस पर एनओसी सेल, कोलकाता ने जवाब दिया है कि राउरकेला एयरपोर्ट एक निजी हवाई अड्डा है जिसका संचालन स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड करती है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि निर्माण की ऊँचाई को नियंत्रित करना स्थानीय नगर निगम व टाउन प्लानिंग अथॉरिटीज़ की जिम्मेदारी है, जिन्हें एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा जारी एनओसी के अनुरूप कार्य करना चाहिए। प्रबंधन ने शिकायत को सभी संबंधित हितधारकों को अग्रसारित करने की अनुशंसा की है और इस संदर्भ में भारत सरकार की 30 सितंबर 2015 की अधिसूचना तथा 2019 की एयरोड्रम सेफगार्डिंग सर्कुलर का हवाला दिया है।

## छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव : आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया गया विभिन्न कार्यक्रम

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में किया गया। इसके तहत कहीं तीजा पोरा तिहार कार्यक्रम तो कहीं मेगा हेल्थ कैम्प तो कहीं खेल खेल में पोषण ज्ञान गतिविधि का आयोजन किया गया। जहां कांसाबेल परियोजना के अन्तर्गत बटाईकेला सेक्टर में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत तीजा पोरा तिहार का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं, पुरुष, बच्चे, कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के संबंध में अंजू चौहान द्वारा जागरूक करते हुए माताओं का सम्मान भी किया गया। आस्ता परियोजना के अंतर्गत ग्राम के आंगनबाड़ी स्तर पर खेल-खेल में



बच्चों को खेल खेल में पोषण की गतिविधि कराया गया।

पोषण ज्ञान संबंधी गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसमें पोषण संबंधी गतिविधि का आयोजन कर कार्यक्रम में उपस्थित गर्भवती, शिशुवती महिलाओं अन्य ग्रामीण महिलाओं को सही पोषण आहार लेने की महत्ता के संबंध में जानकारी दी गयी। दुलदुला विकासखण्ड में ग्राम मकरीबन्धा में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें गर्भवती महिलाओं, ग्रामीण महिलाओं किशोरी बालिकाओं, बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस अवसर पर सभी लोगों की रक्तचाप जांच, मधुमेह जांच, हीमोग्लोबिन जांच किया गया। इसमें एनिमिक महिलाओं की पहचान भी की गई। कैम्प में अस्वस्थ महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधित सलाह देते हुए निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गयीं।

## लहूनीपाड़ा में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की मांग तेज

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिले के लहूनीपाड़ा तहसील में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना को लेकर लंबे समय से लंबित कार्य अब भी अधर में लटका हुआ है। जॉइंट वेरीफिकेशन रिपोर्ट जमा होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम न उठाए जाने से स्थानीय लोगों में निराशा और आक्रोश है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 29 दिसंबर 2023 को जिला प्रशासन द्वारा लेटर नंबर 7099 के माध्यम से जॉइंट वेरीफिकेशन रिपोर्ट सबमिट की गई थी। इस रिपोर्ट में 10.30 एकड़ भूमि केंद्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु चिन्हित की गई थी। बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी।स्थानीय लोगों का कहना है कि उस समय राज्य में बीजू जनता दल की सरकार होने के कारण यह मामला आगे नहीं बढ़ पाया। लेकिन अब चूंकि केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की डबल इंजन सरकार है, इसलिए इस कार्य को जल्द से जल्द धरातल पर उतारा जाना चाहिए।

इस संबंध में एन सी पी नेता डॉ. राजकुमार यादव ने भी मांग उठाई है कि सुंदरगढ़ जैसे शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन माझी को सुंदरगढ़ के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए शीघ्रता से टेंडर एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर इस कार्य को मूर्त रूप देना चाहिए। ग्रामीणों और अभिभावकों को उम्मीद है कि डबल इंजन सरकार उनकी इस लंबे समय से चली आ रही मांग को प्राथमिकता देगी और शीघ्र ही लोहनीपड़ा में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना होगी।

### एनएचएम कर्मियों के हड़ताल का दसवां दिन

# संविदा का दशकर्म कर सिर मुड़ा किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

एनएचएम संघ के लगभग 810 से अधिक कर्मचारी अपनी नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों के संबंध में शासन स्तर से वार्ता की आस में हड़ताल के दसवें दिन खराब मौसम के बीच भी रंजीता स्टेडियम के पास धरना स्थल में बैठ हुए हैं। कर्मचारी संघ अपनी मांगों के लिए अडिग है। पूरे प्रदेश भर में एनएचएम के हड़ताल को दस दिन होने को है, फिर भी वर्तमान सरकार की ओर से किसी प्रकार कि वार्ता की पेशकश या पहल नहीं दिखायी जा रही है। जिससे जिले कि स्वास्थ्य व्यवस्था धीरे-धीरे काबु से बाहर होती जा रही है। सीधे शब्दों में कहा जाए तो यदि एनएचएम कर्मचारियों कि हड़ताल यू ही जारी रही, तो वह दिन दूर नहीं है कि लोगों के जान पर बन आएगी और फिर उस स्थिति को काबु कर पाना शासन प्रशासन स्तर पर मुश्किल भरा हो जाएगा।

■ दसवें दिन खराब मौसम के बावजूद हड़ताल जारी



मुंडन कराते एनएचएम कर्मी।




धरना स्थल पर उपस्थित एनएचएम कर्मी संघ के सदस्य।

**सिर मुड़ा कर किया विरोध प्रदर्शन:** एनएचएम कर्मचारियों ने हड़ताल के पांचवें दिन संविदा प्रथा के पुतला दहन उपरांत यथाशीघ्र संविदा प्रथा के अंत और नियमितीकरण हेतु आज प्रदर्शन के दसवें दिन संविदा प्रथा का दशकर्म मानते हुए कर्मचारियों ने अपना मुंडन कराकर विरोध प्रदर्शन किया। संघ ने कहा कि हम एनएचएम कर्मचारी संविदा कुप्रथा का दंश विगत 20 वर्षों से भी अधिक समय से झेल रहे हैं। उसके बाद भी हमें ना तब और ना अब शासन, प्रशासन स्तर से हमारे हित और अधिकारों के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## दिगंबर जैन समाज का दशलक्षण पर्व आज से

**जशपुरनगर।** दिगंबर जैन समाज का दशलक्षण पर्व (पर्युषण पर्व) गुरुवार, 28 अगस्त 2025 से आरंभ हो रहा है, जो 6 सितंबर 2025 तक चलेगा। भाद्रपद मास में मनाया जाने वाला यह पर्व जैन धर्म का एक प्रमुख पर्व है, जिसे आत्मशुद्धि, तपस्या और मोक्ष की साधना का पर्व माना जाता है।

पर्व की तैयारियां जशपुर जैन मंदिर में पूरी कर ली गई हैं, मंदिर परिसर को सजाया गया है और सुबह



से ही पूजा-अर्चना, मंगल आरती और प्रवचन की शुरुआत हो जाएगी।


### दसलक्षण पर्व का महत्व

जैन धर्म के अनुयायियों के लिए यह पर्व आत्मशुद्धि और मोक्ष की प्राप्ति का अवसर है। पर्व के दौरान उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम शौच, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम आकिंचन एवं उत्तम ब्रह्मचर्य जैसे दस धर्मों का पालन किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इन सिद्धांतों का पालन करने से क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या, अहंकार जैसे विकार समाप्त होते हैं और आत्मा मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर होती है।



# हनी सिंह के गाने माफिया का टीजर हुआ रिलीज...

**मुंबई।** मंगलवार को रैपर हनी सिंह की एल्बम '51 ग्लोरियस डेज' के टाइटल ट्रैक माफिया का टीजर रिलीज हुआ। टी-सीरीज के बैनर तले बने इस गाने के टीजर में हनी पाजी का खतरनाक अंदाज देखने को मिल रहा है। इस गाने को अगले महीने 26 सितंबर को रिलीज किया जाएगा। कहा जा रहा है कि ये रैपर का मच अवेटेड गाना है, जिसके लिए फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। गाने के टीजर की शुरुआत होती है हनी सिंह के किश्ती वाले सीन से, जहां वो बोट में बैठकर कहीं पर जा रहे हैं। बोट पर अमेरिका का झंडा लगा हुआ है। इसके बाद वो बहुत सारे लोगों के साथ एक दम डॉन स्टाइल में वॉक करते नजर आते हैं।



## लाइफ Style

# कृतिका

## सैयारा ने दिखाई रोमांटिक फिल्मों की ताकत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कृतिका कामरा हाल ही में सीरीज सारे जहां से अच्छा में फातिमा के रोल में नजर आईं हैं। उनके इस किरदार और शो को ऑडियंस से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। साथ ही कृतिका के काम की भी तारीफ की गई है।


कृतिका टीवी से लेकर फिल्मों और अब ओटीटी तक, हर प्लेटफॉर्म पर काम कर रही हैं। एक्टिंग के साथ-साथ उन्होंने चंदेरी में सिनाबार नाम से फैशन इनिशिएटिव भी शुरू किया है, जो कारीगारों को मदद और पहचान दिलाने की कोशिश है। एक बातचीत में उन्होंने कहा, मेरा कॅरियर प्रेम कहानियों से शुरू हुआ और ऑडियंस का इतना प्यार मिला कि आज भी लोग मुझे उन्हीं रोल्स के लिए याद करते हैं। लेकिन, हाल के वर्षों में रोमांस को जोखिम माना जाने लगा था। अब सैयारा की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि अच्छी रोमांटिक कहानियां हमेशा लोगों के दिल में उतरती हैं। मैं चाहती हूं कि मुझे एक ऐसी प्रेम कहानी मिले, जो दिल को छूने वाली हो, जो ऑडियंस को हंसा भी सके और रुला भी सके। सच कहूं तो रोमांस मेरे दिल के सबसे करीब है और मैं चाहती हूं कि फिर से एक ऐसी मोहब्बत की दास्तान करूं जिसे ऑडियंस बरसों तक याद रखें। मैं जल्दबाजी नहीं करती और सही मौके का इंतजार करती हूं। मुझे खुशी है कि मैं इंतजार कर सकती हूं। बस अफसोस इतना है कि महिलाओं के लिए गहरे और मजबूत किरदार कम मिलते हैं। किसी कहानी में आकर्षण तो स्वाभाविक होता है।

## हॉलीवुड मसाला



# तुम ये पूछने वाली होती कौन हो?

**लॉस एंजिल्स।** परिणीति चोपड़ा के मां बनने की खबर से प्रियंका चोपड़ा बेहद खुश हैं और उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी बहन और राघव चड्ढा को बधाई दी। प्रियंका के इस पोस्ट पर कुछ लोगों ने सवाल उठाए, वहीं कई प्रशंसकों ने उनका समर्थन किया। कुछ ने तो सवाल उठाने वालों से भी पूछा है कि तुम ये पूछने वाली हो कौन? परिणीति चोपड़ा मां बनने वाली हैं और अपनी चचेरी बहन की इस खुशखबरी पर प्रियंका चोपड़ा फूले नहीं समा रहीं। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर बहन के लिए ये प्यार जताते हुए कपल को बधाई दी है।



# जेरी एडलर ने द गुड वाइफ में दर्शकों का दिल जीता

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी स्टार 'जेरी एडलर' का 96 साल की आयु में निधन हो गया। जेरी ने 62 साल की उम्र में अपना अभिनय कॅरियर शुरू किया। उन्होंने 'द सोप्रानोस' और 'द गुड वाइफ' में अपनी भूमिकाओं से दर्शकों का दिल जीता। जेरी एडलर ने अपने कॅरियर की शुरुआत ब्रॉडवे के पर्दे के पीछे स्टेज मैनेजर के रूप में की। उन्होंने माई फेयर लेडी, ऑफ द आई सिंग और द एप्पल ट्री जैसे प्रसिद्ध नाटकों में काम किया। वे कैथरीन हेपबर्न और जीरो मोस्टेल जैसे दिग्गजों के साथ भी जुड़े। 62 साल की उम्र में जेरी ने अभिनय शुरू किया। 1991 में ब्रुकलिन ब्रिज से डेब्यू करने के बाद, वे 1993 में वुडी एलेन की फिल्म 'मैनहट्टन मर्डर' मिस्ट्री में नजर आए। उनकी सबसे यादगार भूमिका द सोप्रानोस में हरमन हेश रबकिन की थी, जो 1999 से 2007 तक चली। इसके अलावा, द गुड वाइफ और द गुड फाइट में हॉवर्ड लाइमैन के किरदार में भी वे लोकप्रिय हुए।



# रागिनी एमएमएस की तीसरी किस्त में एंट्री

**मुंबई।** निर्माता और निर्देशक एकता कपूर एक बार फिर से अपनी आगामी फिल्म 'रागिनी एमएमएस 3' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हर बार की तरह इस बार फिल्म में नई स्टार कास्ट नजर आएगी, जिसमें अभी तक तमन्ना भाटिया की एंट्री हो चुकी है। वहीं, अब एक और एक्ट्रेस के होने की जानकारी सामने आई है। रागिनी एमएमएस 3 में तमन्ना भाटिया के बाद अब एकता कपूर की इस फिल्म में नोरा फतेही भी शामिल हो चुकी हैं। तमन्ना भाटिया जल्द ही हॉरर और थ्रिलर से भरी फिल्म 'रागिनी एमएमएस 3' में मुख्य भूमिका निभाएंगी। उन्हें इस फिल्म की कहानी और उसमें मौजूद हॉरर का तड़का बहुत पसंद आया, जिसके चलते उन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए हां कर दी है। तमन्ना के साथ अब खूबसूरत अभिनेत्री नोरा फतेही भी इस फिल्म का हिस्सा बन गई हैं।




# नई सीरीज डू यू वाना पार्टनर की घोषणा

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने नई सीरीज 'डू यू वाना पार्टनर' की घोषणा की है। करण ने अपने इंस्टाग्राम पर मंगलवार को सीरीज का पहला पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में सीरीज की लीड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी नजर आ रही हैं। करण ने इसकी रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है, जिसके मुताबिक यह नई सीरीज 12 सितंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। हालांकि, अभी तक सीरीज के बारे में और जानकारी तो सामने नहीं आई है और न ही इसकी कास्ट का पता चला है। लेकिन करण जौहर ने अपनी पोस्ट में तमन्ना और डायना के अलावा नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, जावेद जाफरी, नीरज काबी और रणविजय जैसे सितारों को भी मेंशन किया है। जिससे ये उम्मीद जताई जा रही है कि ये सितारे भी सीरीज का प्रमुख हिस्सा हो सकते हैं।

## टीवी मसाला



# इन 7 सदस्यों पर लटकी घर से बेघर होने की तलवार

**नई दिल्ली।** सलमान खान का विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। शो में इस बार 15 हस्तियों ने एंट्री की है, और आते ही बवाल काटना शुरू कर दिया है। जहां प्रीमियर के बाद दूसरे दिन घरवालों में आते ही झगड़ा देखने को मिला। वहीं, अब नॉमिनेशन्स भी शुरू हो गए हैं। इस हफ्ते बेघर होने के लिए कौन-कौन नॉमिनेट हुए हैं, उनके नाम आ चुके हैं। 'बिग बॉस 19' के 25 अगस्त वाले एपिसोड में सभी कंटेस्टेंट्स को असेम्बली रूम में बुलाया गया था। वहां पूछा गया कि अभी घरवालों को कौन-सा सदस्य कम एक्टिव है। ज्यादा वोट फरहाना भट्ट को मिले, जिसके बाद उन्हें घरवालों की नजरों में तो बेघर कर दिया गया लेकिन जनता के लिए वह सीक्रेट रूम में हैं, जहां से पूरे घर को मॉनीटर कर रही हैं। घरवालों को जहां ये लगा कि पहले हफ्ते का पहला एविक्शन हो गया है तो वह सेफ हैं। लेकिन ऐसा नहीं है। 26 अगस्त को आने वाले नॉमिनेशन स्पेशल में टास्क हुआ, और उसमें कुल सात कंटेस्टेंट्स बेघर होने के लिए नॉमिनेट किए गए। इसमें अभिषेक बजाज, गौरव खन्ना, जीशान कादरी, नीलम गिरी, तान्या मित्तल, नतालिया जानोसजेक और प्रणति मोरे का नाम शामिल है। वैसे हर सीजन की एक रीत रही है कि पहले हफ्ते मेकर्स किसी को बेघर नहीं करते। लेकिन इस बार अगर कुछ नया करना हुआ तो कोई एक सदस्य बाहर जा सकता है।

## बप्पा को घर लाए गुरमीत और देबिना

**नई दिल्ली।** गणेश चतुर्थी का त्योहार आ गया है। लोगों के घरों में बप्पा का आगमन होना शुरू हो गया है। बॉलीवुड में भी कई सेलेब्स हैं, जो हर साल बप्पा को अपने घर लाते हैं। अब इस साल भी ये सिलसिला शुरू हो गया है। टीवी से लेकर फिल्मों तक का सफर करने वाले अभिनेता गुरमीत चौधरी और उनकी पत्नी देबिना बनर्जी ने अपनी परंपरा को कायम रखा है। दोनों हर वर्ष की भांति इस साल भी अपने घर बप्पा को लाए हैं। अब इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। गणपति के परम भक्त माने जाने वाले गुरमीत और देबिना के जोड़े ने अपनी बेटियों लियाना और दिविशा के साथ बप्पा का अपने घर में स्वागत किया है। वायरल वीडियो में दोनों अपनी गणपति की मूर्ति घर लाने से पहले एक मूर्ति की दुकान पर जाते हुए दिखाई दिए। इस वीडियो में परिवार बड़े प्यार से मूर्ति को ले जाते हुए दिखाई दे रहा है।



# अपनी मिमिक्री देख भड़के सुनील

## बोले- इतना घटिया मैंने कभी नहीं देखा

**मुंबई।** सुनील शेट्टी हाल ही में एक इवेंट में पहुंचे और इस दौरान जब एक आर्टिस्ट ने उनकी मिमिक्री की तो वह काफी भड़क गए। इतना ही नहीं, उन्होंने आर्टिस्ट को दोबारा उनकी मिमिक्री करने से मना कर दिया। सुनील शेट्टी जो आम तौर पर काफी कूल दिखते हैं, उनका नया वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह गुस्से में नजर आ रहे हैं।



वीडियो में आप देखेंगे कि सुनील एक आर्टिस्ट को उनकी मिमिक्री करने के लिए डांट रहे हैं और सभी काफी हैरानी से एक्टर को देख रहे हैं। वीडियो भोपाल का बताया जा रहा है, हालांकि कब का है यह इवेंट पता नहीं चल पाया है। सुनील बोलते हैं, 'तब से यह भाईसहाब अलग-अलग डायलॉग बोल रहे हैं जो मेरी आवाज में है ही नहीं। इतना घटिया मिमिक्री मैंने कभी देखा बी नहीं है। जब सुनील शेट्टी बोलता है तो एक मर्द की तरह बोलता है, ये बच्चे की तरह बोल रहा था। बेटा जब मिमिक्री करते हो तो अच्छे से करनी चाहिए। खराब नकल नहीं करनी चाहिए।' सुनील की इस बात को सुनकर मिमिक्री आर्टिस्ट माफी भी मांगते हैं। वह बोलते हैं, 'सॉरी सर, मैं बिल्कुल आपकी मिमिक्री करने की कोशिश नहीं कर रहा था।' इस पर सुनील बोलते हैं कि कोशिश करना भी मत बेटा। अभी बहुत टाइम है सुनील शेट्टी बनने में, पीछे बाल बांधने से कुछ नहीं होता है। अभी बच्चा है, लगता है सुनील शेट्टी की एक्शन फिल्म नहीं देखी है इसने। इस वीडियो को देखकर सब काफी हैरान हैं और सुनील के रिएक्शन से निराश भी हैं। किसी ने कमेंट किया कि ये काफी रूड है।

# अनीत यशराज की फिल्म में मनीष संग करेंगी काम उधर विक्की कौशल की 'महावतार' को झटका

**मुंबई।** अनीत पड्डा के फैंस के लिए बड़ी खुशखरी है। खबर है कि यशराज फिल्म्स ने उन्हें एक और नई रोमांटिक फिल्म ऑफर की है, जिसे 'बैंड बाजा बारात' फेम मनीष शर्मा डायरेक्ट करेंगी। दूसरी ओर, चर्चा है कि विक्की कौशल की 'महावतार' पोस्टपोन हो गई है। अनीत पड्डा और अहान पांडे इन दोनों ही युवा कलाकारों के करियर पर आदित्य चोपड़ा की बारीक नजर है। 'सैयारा' की सफलता के बाद, दोनों ही जेन-जी के लिए रोमांस का चेहरा बनकर उभरे हैं। ऐसे में



आदित्य का मानना है कि एक और रोमांटिक फिल्म के लिए यह एकदम सही समय है। उन्होंने इसके लिए अपने पुराने भरोसेमंद मनीष शर्मा पर दांव लगाया है। नई रोमांटिक फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो गया है। बैंड बाजा बारात और शुद्ध देसी रोमांस जैसी फिल्मों से मशहूर हुए मनीष शर्मा की यह फिल्म पंजाब पर आधारित होगी। इसकी शूटिंग 2026 की पहली छमाही में शुरू हो जाएगी। इससे पहले फिल्म की कास्टिंग पर काम होगा। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मेकर्स अनीत के अपोजिट लीड रोल में किसे कास्ट करते हैं। वैसे, मनीष शर्मा की पिछली फिल्म सलमान खान संग 'टाइगर 3' थी, जो बॉक्स ऑफिस पर दम नहीं दिखा पाई थी। दूसरी ओर, विक्की कौशल की फिल्म 'महावतार' इसी साल आखिरी तिमाही में फ्लोर पर आने वाली थी। लेकिन, अब इसके निर्माण में देरी होगी। विक्की इन दिनों संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' में बिजी हैं। इसलिए वह 'महावतार' की शूटिंग अगले साल अप्रैल से पहले शुरू नहीं कर पाएंगे। ऐसे में इसे दिसंबर 2026 में रिलीज करना संभव नहीं होगा।

## देवा हो देवा गणपति देवा, तुमसे बढ़कर कौन ...

# बॉलीवुड के ये गाने गणेश चतुर्थी पर ले आते हैं भक्ति की शक्ति

**नई दिल्ली।** आज से देशभर में गणेश उत्सव शुरू हो रहा है। पंडाल सज चुके हैं और लोग गणपति बप्पा का स्वागत करने को बेताब हैं। ऐसे में बॉलीवुड के भक्ति से भरे ये गणेश चतुर्थी स्पेशल गाने उत्सव का रंग और खास बना देते हैं।

**देवा श्री गणेश (अग्निपथ)** : ऋतिक रोशन और प्रियंका चोपड़ा पर फिल्माए गए इस गाने का संगीत अजय अतुल ने दिया है। जबकि गाने को अजय गोगवाले ने आवाज़ दी है।

**मोरिया रे (डॉन (2013)** : शाहरुख़ खान पर यह गाना फिल्माया गया है, जिसे शंकर महादेवन ने आवाज़ दी है। जावेद अख्तर के लिखे इस गाने का संगीत शंकर-एहसान-लॉय ने दिया है, जो खासकर विसर्जन के वक्त बजाया जाता है।

**बप्पा (बैंजो)** : रितेश देशमुख और नर्गिस फखरी पर यह गाना फिल्माया गया है। गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं और विशाल-शेखर इसके कंपोजर हैं। विशाल ददलानी ने यह सॉन्ग गाया है।

**शंभू सुतया (एनी बडी कैन डांस)** : गणेश आचार्य, प्रभु देवा आदि पर फिल्माया गया यह गाना सचिन जिगर ने कंपोज किया है। गाने के बोल मयूर पुरी ने लिखे हैं और शंकर मदेवन और विशाल ददलानी ने इसे आवाज़ दी है।

**सड्डा दिल भी तू (एनी बडी कैन डांस)** : इस गाने को आवाज़ हार्ड कौर ने दी है। सचिन जिगर इसके कंपोजर हैं और मयूर पुरी ने इस गाने के बोल लिखे हैं।



**गजानना (बाजीराव मस्तानी)** : रणवीर सिंह, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण जैसे कलाकारों से सजी फिल्म का यह गाना सुखविंदर सिंह ने गाया है।प्रशांत इंगोले ने इसके बोल लिखे हैं। श्रेयस पुराणिक ने गाने को कंपोज किया है।

**विघ्नहर्ता (अंतिम : द फाइनल ट्रुथ)** : सलमान खान और आयुष शर्मा स्टारर फिल्म का यह गाना वरुण धवन पर फिल्माया गया है। गाने के बोल वैभव जोशी ने लिखे हैं और संगीत हितेश मोदक ने दिया है। अजय गोगवाले इस इस गाने के सिंगर हैं।

**गणपति आरती (सरकार 3)** : अमिताभ बच्चन पर फिल्माया गया यह गाना उन्होंने ही गाया है। रोहन विनायक ने इस गाने का संगीत दिया है।

**गणपति बप्पा (दिन दहाड़े)** : सुरेश वाडकर और कुमार सानू ने इस गाने को आवाज़ दी है। गाने के कंपोजर जीतू-तपन हैं और नक्श ल्यालपुरी ने इस गाने के बोल लिखे हैं।

**देवा हो देवा (हमसे बढ़कर कौन)** : आशा भोसले, शैलेन्द्र सिंह, भूपिंदर, सपन चक्रवर्ती, और मोहम्मद रफ़ी ने यह गाना गाया है। राम लक्ष्मण इसके कंपोजर हैं और रविंदर रावल ने इसके बोल लिखे हैं।

**शेंदूर लाल चढ़ायो (वास्तव)** : गणेश चतुर्थी के लिए एक गान माना जाता है, इसे अक्सर गणेश के आगमन और विसर्जन के दौरान बजाया जाता है। संजय दत्त का भावनात्मक प्रदर्शन इसके प्रभाव को बढ़ाता है।

**'सुनो गणपति बप्पा मोरया (जुड़वा 2)** : वरुण धवन की फिल्म 'जुड़वा 2(2017)' में 'सुनो गणपति बप्पा मोरया.' बहुत ही शानदार ढंग से फिल्माया गया है। वरुण धवन ने इस गाने पर कमाल का डांस किया है। गणेश उत्सव में भी यह गीत आम जनमानस बजाते हैं।

**मेरा ही जलवा (वॉन्टेड)** : साल 2009 में रिलीज हुई सलमान खान की फिल्म वॉन्टेड में 'मेरा ही जलवा' नाम एक गाना था, जिसमें सलमान खान का किरदार गणेश उत्सव में जमकर डांस करता है। बप्पा की पूजा करता है। इस गाने में अनिल कपूर की झलक भी देखने को मिलती है।

**सुख कर्ता दुख हर्ता (अतिथि तुम कब जाओगे)** : अजय देवगन की फिल्म 'अतिथि तुम कब जाओगे(2010)' में मराठी भाषा की चर्चित गणेश आरती शामिल थी। यह फिल्म के क्लाइमैक्स में आती है। यह आरती फिल्म में दिए गए संदेश को और भी खास बना देती है।

## खबर संक्षेप

### बारिश में बहा पुराना बिसरा मार्ग का ब्रिज

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिले के बिसरा प्रखंड के ग्रामीणों के लिए आवागमन की समस्या इन दिनों विकट रूप ले चुकी है। लगातार हो रही भारी बारिश से पुराना बिसरा मार्ग पर स्थित शिव मंदिर के पास बना पुल का आधा हिस्सा बह गया है, जिससे हजारों लोगों का आना-जाना बाधित हो गया है। पिछले पांच दिनों से जारी बारिश ने इस जर्जर पुल को पूरी तरह कमजोर कर दिया और इसका बड़ा हिस्सा ढह गया। अब लोग बचा-खुचा हिस्सा पार करने को मजबूर हैं। ग्रामीण केवल बाइक और साइकिल के सहारे रास्ता पार कर रहे हैं, जबकि ट्रैक्टर, ट्रक और बड़े वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। इससे न केवल ग्रामीणों का जीवन प्रभावित हुआ है बल्कि मोनको गांव स्थित राइस मिल का कामकाज भी बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। राइस मिल से सरकारी गोदामों तक चावल की आपूर्ति करने वाले ट्रकों की आवाजाही बंद हो गई है, जिसके कारण गोदामों में चावल की कमी का संकट मंडराने लगा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुल लंबे समय से खराब हालत में था, लेकिन प्रशासन ने इसकी मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दिया। समय पर कार्यवाही न होने की वजह से अब यह हादसा हुआ है। ग्रामवासियों ने सुंदरगढ़ जिलापाल से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा है कि इस समस्या का समाधान शीघ्र निकाला जाए और नए पुल का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम मार्ग उपलब्ध हो सके।

### केंद्रीय मंत्री तोखन साहू का ऐतिहासिक स्वागत

**खरसिया।** केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का खरसिया आगमन पर भाजपा नेता तरुण सिंह ठाकुर मोनू केसरी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से ऐतिहासिक स्वागत किया। इस मौके पर सांसद कमलेश जांगड़े भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान खरसिया में स्वर्गीय कुमार दिलीप सिंह जूदेव की विशाल प्रतिमा स्थापित करने की मांग उठी। मंत्री साहू ने कहा कि खरसिया में जूदेव जी की मूर्ति लगाने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने 1983 के उपचुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि जूदेव जी ने उस समय कांग्रेस के मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह को कड़ी चुनौती दी थी, जिसे आज भी जनता याद करती है।

## निधन...

### अश्वनी कुमार पटेल



**घरघोड़ा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा टेडा के सेवानिवृत प्रभारी प्राचार्य अश्वनी कुमार पटेल का निधन हो गया। अचानक तबीयत बिगड़ने से उनका देहांत हुआ। वे बैंहामुंडा निवासी एवं एक सरल, अनुशासित एवं समर्पित शिक्षाविद रहे, जिन्होंने धर्मजयगढ़ व घरघोड़ा ब्लॉक में शिक्षा सेवा दी। सेवानिवृत्ति के बाद भी कृषि कार्यों में सक्रिय रहे। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ सहित शिक्षा विभाग और सामाजिक संगठनों के अनेक पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। क्षेत्र में उनके निधन से शोक का माहौल है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सारंगढ़, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**
**- : ईश्तहार :-**
राजस्व ईकोर्ट प्रकरण क्रमांक...../ अ-2/ 2024-25
ग्राम उम्मेदपुर, प.ह.नं.-30 तहसील सारंगढ़

एतद द्वारा सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनोद साहू पिता राधेलाल साहू जाति तेली निवासी ग्राम उम्मेदपुर तहसील सारंगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पेश किया गया है कि अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम- उम्मेदपुर प.ह.नं.-30, रा.नि.म. सारंगढ़ तहसील सारंगढ़ में स्थित भूमि खसरा नं.- 22/1/ड रकबा 0.016 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो दिनांक 03/09/2025 तक अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक-20/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**सारंगढ़**

---

### जोबी पुलिस ने दबिश देकर 64 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया, दो गिरफ्तार

# तस्करी में बनीं मोहरा : महिलाओं के सहारे बुना गया गांजा कारोबार का जाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले में गांजा तस्करी का जाल अब महिलाओं के हाथों से भी संचालित हो रहा है। शनिवार शाम पुलिस चौकी जोबी की टीम ने ग्राम कुरु में दबिश देकर इस काले कारोबार का बड़ा खुलासा किया। दबिश के दौरान महिला तस्कर अनीता बाई अगरिया के घर से 62 पैकेट में रखा गया कुल 64 किलो 360 ग्राम गांजा जब्त किया गया जिसकी बाजार कीमत लगभग साढ़े छह लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस की पूछताछ में खुलासा हुआ कि गांजे का डम्पिंग प्वाइंट अनीता का घर ही बना हुआ था। उड़ीसा से गांजा लाकर मनोज साहू और उसका साथी अनीता के घर रखते थे। इसके बाद इसे ट्रेन से उत्तर प्रदेश भेजने की तैयारी होती थी। इस पूरे नेटवर्क में रायगढ़ की एक अन्य महिला सरस्वती साहू भी सक्रिय भूमिका निभा रही थी। पुलिस ने तत्काल दबिश देकर सरस्वती को भी गिरफ्तार कर लिया। तस्करी में महिलाओं की संलिप्तता का बड़ा कारण पुलिस की नजरों से बचना बताया जा रहा है। अनीता और सरस्वती अपने-अपने घर को सुरक्षित ठिकाने के रूप में इस्तेमाल कर रही थीं। मोबाइल कॉल डिटेल से भी दोनों के बीच लगातार संपर्क और लेन-देन की जानकारी मिली है।



#### महिला अपराध की बदलती तस्वीर

यह मामला केवल गांजा तस्करी तक सीमित नहीं है। बल्कि इसने समाज के सामने एक नई चिंता भी खड़ी कर दी है। महिलाएं जिन्हें परिवार और घर की जिम्मेदारी निभाने वाली माना जाता है। अब तस्करों के जाल में फंसकर अपराध का हिस्सा बन रही हैं। यह प्रवृत्ति समाज के लिए खतरनाक संदेश है। इससे पहले भी कई मामलों में महिलाओं की भागीदारी देखी जा चुकी है। मादक पदार्थों का कारोबार समाज के लिए जहर है। वहीं महिलाओं की संलिप्तता इस बात का प्रमाण है कि तस्कर अब हर संभव रास्ता अपनाकर अपराध को बढ़ावा दे रहे हैं।

#### फरार तस्करों की सरगर्मी से तलाश जारी

गिरफ्तार महिलाओं के अलावा गिरोह का मुख्य संचालक मनोज उर्फ छोटू साहू, उसका साथी और उत्तर प्रदेश का लवलेश पांडे अभी फरार हैं। पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद नेटवर्क और बड़ा खुलासा करेगा। जल्द ही गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है।

#### ये हैं महिलाएं जो तस्करी में थीं शामिल

1. अनीता बाई अगरिया, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम कुर्रु – घर से भारी मात्रा में गांजा बरामद।
2. सरस्वती साहू, उम्र 31 वर्ष, निवासी बोईरदादर रायगढ़ – नेटवर्क में सक्रिय भूमिका, मोबाइल जब्त।

## शहीद नंदकुमार पटेल यूनिवर्सिटी के छह सौ छात्र विथेल्ड के शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर




जिला मुख्यालय रायगढ़ में स्थापित शहीद नंदकुमार पटेल यूनिवर्सिटी में एक बार फिर परीक्षा परिणामों को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आने वाले विभिन्न कॉलेजों के 600 से अधिक छात्र विथेल्ड की समस्या से जूझ रहे हैं।

यूनिवर्सिटी स्थापना के शुरुआती दिनों में छात्रों ने व्यवस्थागत त्रुटि मानकर चुप्पी साधी थी, लेकिन अब लगातार इस तरह की समस्या सामने आने से छात्र इसे लापरवाही मानने लगे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार हालिया परीक्षा सत्र में विद्यार्थियों ने नियमपूर्वक परीक्षा दी, किंतु परिणाम घोषित होने में काफी देरी हुई और घोषित परिणाम में सैकड़ों छात्रों के अंकों को विथेल्ड कर दिया गया। परीक्षा विभाग से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि जिन छात्रों के परीक्षा फार्म भरने में त्रुटियां रह गईं या परीक्षा केंद्र पर किसी प्रकार की स्थिति उत्पन्न हुई, उन्हीं छात्रों का परिणाम विथेल्ड किया गया है। हालांकि छात्र इसका खंडन कर रहे हैं। कई विद्यार्थियों का कहना है कि वे संबंधित विषय की परीक्षा में पूरी तरह शामिल हुए थे, फिर भी उन्हें अबसेंट दर्शाया गया है। वहीं कुछ छात्रों ने आरोप लगाया कि उन्होंने प्रश्न पत्र हल करने के बावजूद उन्हें जीरो अंक दिए गए, जबकि सामान्यतः जीरो केवल उन परीक्षार्थियों को दिए जाते हैं जिन्होंने उत्तर पुस्तिका खाली छोड़ी हो या पूरी तरह गलत लिखा हो। छात्रों का कहना है कि यह स्थिति मेहनती और जिम्मेदार विद्यार्थियों के साथ कुठाराघात है, जो दिन-रात मेहनत कर पढ़ाई करते हैं और परीक्षा भी पूरी लगन से लिखते हैं। ऐसे में परीक्षा विभाग की लापरवाही न केवल छात्रों के करियर पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रही है बल्कि उनकी आगे की पढ़ाई और भविष्य भी अधर में लटका रही है। अब देखना यह होगा कि यूनिवर्सिटी प्रशासन इस गंभीर समस्या का समाधान कब और कैसे करता है, क्योंकि प्रतिदिन छात्र अपने परिणाम को लेकर यूनिवर्सिटी का चक्कर काटने को मजबूर हैं।

## कुख्यात माओवादी बिशु गिरफ्तार ब्लास्ट से शहीद हुआ था जवान

■ सिलकुटा आईईडी ब्लास्ट समेत कई नक्सली घटनाओं में शामिल

**राउरकेला।** ओडिशा पुलिस ने नक्सल विरोधी अभियान में महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए एक कुख्यात माओवादी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बिशु सिंह 58 वर्ष पिता अघनु सिंह, निवासी अमझरन, थाना के बोलांग, जिला सुंदरगढ़ के रूप में हुई है।




डीआईजी बृजेश राय और एसपी नितेश वाधवानी ने मंगलवार शाम पुलिस मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि आरोपी लंबे समय से माओवादी गतिविधियों में सक्रिय था और उसके खिलाफ कई संगीन मामले दर्ज हैं। सबसे अहम मामला 14 जून का सिलकुटा आईईडी विस्फोट है। सरांडा जंगल के सिलकुटा क्षेत्र में सीआरपीएफ और एसओजी की संयुक्त कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान माओवादियों ने आईईडी ब्लास्ट किया था। जिसमें एक सीआरपीएफ जवान गंभीर रूप से घायल हुआ और इलाज के दौरान शहीद हो गया। इस घटना को के बोलांग थाना कांड संख्या 86/2025 के तहत दर्ज किया गया था। इसके अतिरिक्त आरोपी पर निम्न मामले दर्ज हैं। बंडामुंडा जीआरपी कांड संख्या 08 मार्च 03 08.2025 रांजेड़ा आईईडी ब्लास्ट, के बोलांग थाना कांड संख्या 103 04.08.2025 माओवादी पोस्टर चिपकाने का मामला, के बोलांग थाना कांड संख्या 84 27.05.2025 विस्फोटक और हथियार लूट कांड पुलिस पूछताछ में बिशु सिंह ने रांजेड़ा आईईडी ब्लास्ट, बांको आईईडी ब्लास्ट और विस्फोटक लूट जैसे मामलों में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी का नेटवर्क और अन्य सहयोगियों की पहचान की जा रही है। पुलिस का मानना है कि इस गिरफ्तारी से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों का मनोबल और मजबूत होगा तथा माओवादी गतिविधियों पर अंकुश लगेगा। प्रशासन के अनुसार, बिशु सिंह की गिरफ्तारी को क्षेत्र में सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

### अंडर 14 का 30 और 19 का 31 को ट्रायल

**रायगढ़।** बीसीसीआई के निर्देश पर सीएससीएस के द्वारा राज्य के सभी जिलों में अंडर 14 एवं अंडर 19 के ट्रायल करवाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत रायगढ़ स्टेडियम में 30 अगस्त को प्रातरू 8.30 बजे से अंडर 14 क्रिकेट टीम का एवं अंडर 19 का 31 अगस्त को प्रातः 8.30 बजे से जिला टीम के गठन हेतु ट्रायल लिया जाएगा। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि अंडर 14 व 19 के सभी मैच टेस्ट आधार पर होंगे जिसके फिटनेस टेस्ट एवं ट्रायल के लिए प्रातः 8.30 बजे रायगढ़ स्टेडियम में खिलाड़ियों को पहुंचने के लिए कहा गया है। 30 एवं 31 अगस्त को प्रातः 8.30 बजे से नाम एवं नियमावली बताकर खिलाड़ियों का बल्लेबाजी एवं गेंदबाजी के आधार पर ट्रायल लिया जाएगा। ट्रायल के लिए चयनकर्ता वरिष्ठ खिलाड़ी पंकज बोहिदार, अभिषेक गुप्ता को मनोनीत किया गया है। संघ के अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने ज्यादा से ज्यादा खिलाडियों को ट्रायल में शामिल होने की अपील की है।

## स्टेट लेवल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में ऋषभ ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

सरगुजा ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में 21वीं सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर एवं 8वीं कैडेट क्योरूगी, पुमसे स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 का भव्य आयोजन 22 से 24 अगस्त तक गांधी स्टेडियम, अंबिकापुर में हुआ। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में घरघोड़ा क्षेत्र के होनहार खिलाड़ी ऋषभ सिंह ठाकुर रोशन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीतकर पूरे रायगढ़ जिले सहित घरघोड़ा का नाम रोशन किया।



प्रतियोगिता उपरांत 26 अगस्त को रायगढ़ ताइक्वांडो संघ द्वारा विजेताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूनम पटेल सोलंकी, सदस्य शिक्षा, आवास एवं पर्यावरण, नगर निगम रायगढ़ तथा विजय दुबे, संरक्षक ताइक्वांडो एवं ट्रांसपोर्टर ने खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह और मेडल प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। ऋषभ की सफलता के पीछे उनके कोच ऋषि सिंह (नेशनल कोच एवं इंटरनेशनल मेडलिस्ट) तथा सहायक कोच हर्षिता सिंह के कठिन प्रशिक्षण का बड़ा योगदान रहा।

ऋषभ ने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच और परिवार को देते हुए कहा कि माता-पिता और बहनों के सहयोग से ही वे इस मुकाम तक पहुंच सके। उनकी बहन रोशनी सिंह समय-समय पर खेल के प्रति प्रोत्साहित करती रही, वहीं रायगढ़ में उनकी बड़ी मम्मी और दीदी प्रियल श्रीजल ने प्रशिक्षण में विशेष सहयोग दिया। ऋषभ सिंह ठाकुर रोशन, ग्राम नवागढ़ निवासी दीपक सिंह ठाकुर के पुत्र हैं। वर्तमान में वे गोहडीडीपा, घरघोड़ा में रहते हैं और पीएम आत्मानंद हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल, घरघोड़ा में कक्षा 7वीं के छात्र हैं। सीमित संसाधनों और कम समय में उन्होंने जो उपलब्धि हासिल की है, उससे पूरे क्षेत्रवासियों ने गर्व महसूस करते हुए उन्हें ढेरों बधाइयां और शुभकामनाएं दीं।

## शहर के भव्य पंडालों में गणेश पूजा आरंभ

**राउरकेला।** गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर पूरे शहर में श्रद्धा और उल्लास का वातावरण बना हुआ है। जगह-जगह सजे भव्य पंडालों में गणेश पूजा अर्चना की शुरुआत हो चुकी है। सबसे बड़ी कॉलोनियों में शुमार छेंड कॉलोनी फेस-1 स्थित ब्राइटलेन वेलफेयर कमिटी के पंडाल में भगवान गणेश का विशेष आयोजन भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।



भव्य पंडाल में विराजमान विशाल गणेश प्रतिमा के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। भक्त परिवारों सहित यहां आकर पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद ले रहे हैं। बच्चों में मेले जैसे माहौल का उत्साह देखने को मिल रहा है। पूजा कमेटी के सदस्य सूर्यकांत साहू, निहार रंजन दास, जेंटल परीदा, अविनाश जेना, प्रिंस दास, शरद देउरी, देवाशीष लेंका, सौम्या जेना, विकास प्रुष्टि, सूरज नायक, दीपक गोमांगो, आशीष शर्मा, हरीश त्रिपाठी सहित अन्य सदस्य आयोजन की तैयारियों और व्यवस्था में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। गणेश उत्सव की शुरुआत के साथ ही छेंड कॉलोनी और आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक उल्लास का विशेष माहौल दिखाई दे रहा है।

## घरघोड़ा में कला उत्सव और सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा कार्यक्रम

**घरघोड़ा।** पीएम स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी-हिंदी माध्यम विद्यालय, घरघोड़ा में 25 अगस्त को विकासखंड स्तरीय कला उत्सव एवं सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही भव्य और ऐतिहासिक अंदाज में हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा ने हर किसी का दिल जीत लिया।




इस पूरे आयोजन की सफलता का श्रेय अनुविभागीय अधिकारी दुर्गा प्रसाद अधिकारी और विकासखंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन को दिया गया। दोनों अधिकारियों की प्रेरणा और सहयोग से विद्यार्थियों को आत्मविश्वास और नई दिशा मिली। इसी कड़ी में मनोज प्रधान के सहयोग ने भी कार्यक्रम को नई ऊँचाई प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की प्रभारी प्राचार्या रजनी पंडा ने की। मंच पर उपनिरीक्षक गौरव साहू, बीपीओ आशीष शर्मा समेत अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ा दी। लगभग 10 विद्यालयों से आए 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने इस उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कलात्मक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निबंध लेखन, चित्रकला, मूर्तिकला, सामूहिक नृत्य, तबला वादन, बांसुरी वादन, एकल नृत्य और गायन जैसी विविध प्रतियोगिताओं ने यह साबित कर दिया कि घरघोड़ा विकासखंड प्रतिभाओं का गढ़ है। मंच संचालन का दायित्व संस्था की व्याख्याता मीना नायक ने बखूबी निभाया।

## सरिया में निःशुल्क यौगिक खेती किसान सम्मेलन

**सरिया।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, सरिया के तत्वावधान में किसानों के लिए निःशुल्क एक दिवसीय यौगिक खेती विषयक किसान सम्मेलन का आयोजन 31 अगस्त, रविवार को किया जाएगा। यह सम्मेलन प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक संस्था के कोडापारा स्थित केंद्र पर संपन्न होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. ए.के. सिंह, डीन कृषि महाविद्यालय एवं प्रमुख कृषि वैज्ञानिक, कृषि विकास केंद्र रायगढ़ उपस्थित रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में वी.के. सरिता दीदी, धमतरी कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग सहित अन्य विशेषज्ञ किसानों को यौगिक खेती के बारे में प्रशिक्षण देंगे। संस्था की संचालिका सुनयना बहन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य किसानों को रासायनिक उर्वरकों से दूर रखते हुए जैविक, प्राकृतिक और यौगिक खेती की ओर अग्रसर करना है।




### गांव की एकता और संस्कृति का जीवंत प्रतीक

## सराईपाली में 35 सालों से सामूहिक मनाते हैं नुआखाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

सराईपाली गांव में 35 सालों से नुआ खाई का त्योहार मनाए जाने की एक विशिष्ट परंपरा है। क्योंकि नुआखाई मुख्य रूप से पश्चिम उड़ीसा और छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती इलाकों में मनाया जाने वाला एक फसली त्यौहार है। जहां लोग नई फसल के स्वागत में यह पर्व मानते हैं। इस त्यौहार में नया चावल देवी को अर्पित किया जाता है और रिश्तेदार व दोस्तों के बीच नुआखाई जोहर का आदान प्रदान होता है।



सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत सरिया थाना क्षेत्र से लगा हुआ उड़ीसा सीमा का एक ऐसा गांव सरायपाली है। जहां विगत 35 सालों से गांव के लोग एक साथ बैठकर नुआ खाई का प्रसाद भोजन ग्रहण करते हैं। इसकी शुरुआत 35 साल पहले गांव की डोलामणि गौटिया ने गांव के बड़े बुजुर्ग लोगों के साथ चर्चा कर गांव में नुआ खाई त्यौहार एक साथ मनाने का प्रस्ताव किया। तब गांव वालों ने एक राय होकर यह त्यौहार मनाते आ रहे हैं। इस वर्ष 2025 में 28 अगस्त को भी गांव के लोग एक साथ नुआ खाई त्यौहार मनाने के लिए तैयारी प्रारंभ कर दी हैं। इसके लिए गांव की साफ सफाई के साथ नुआखाई त्यौहार में लगने वाले व्यवस्था में लगे हैं। गांव के लोगों ने बताया कि कोई कहीं भी हो इस दिन अपने घर जरूर जाता है। अपने आराध्य देवी को नया अनाज अर्पित के बाद घर परिवार एवं गांव के सभी लोग नए अन्न को एक साथ ग्रहण करते हैं। उड़ीसा और सरहदी प्रान्त छत्तीसगढ़ का यह प्रसिद्ध सामूहिक पर्व नुआखाई गांव की मिट्टी से जुड़ने का एक सशक्त माध्यम है। गणेश पूजा के अगले दिन को नुआखाई के रूप में स्वीकार किया गया है।

इस खास दिन शहर में रहने वाले बच्चों को उनके गांव एउनके संस्कृति और मिट्टी से परिचित कराया जाता है। खेत की पूजा करते हैं। और अन्न ग्रहण करते हैं। अन्न पूजा के साथ परिवार गांव को एक साथ जोड़ने वाला बंधन नुआखाई पर्व है। गांव के लोगों ने बताया कि कोई कहीं भी होए इस दिन अपने घर जरूर जाता है। ग्राम सराईपाली की आबादी करीब 750 हैं। यहां के लोग दूर दराज में नौकरी भी करते हैं।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
गुर्दे की पथरी का दर्द
सबसे भयानक दर्दों में से एक है।
जिसे कोई भी व्यक्ति अनुभव कर सकता है।
इसके लक्षण कारण और उपाय जानने के लिए संपर्क करें
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com


चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
4 सितंबर, 15 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025, 02 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411